Series : Z5YWX

SET~3

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/5/3**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

NOTE

(I) Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

• • •

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*
***खण्ड क** – समष्टि अर्थशास्त्र*
***खण्ड ख** – भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र, आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

## खण्ड क

## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** कीन्स के सिद्धांत के अंतर्गत, 'संदर्भ रेखा' (Reference line) मूल बिंदु से __________ कोण पर खींची जाने वाली एक सीधी रेखा है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 25°

(B) 45°

(C) 55°

(D) 75°

• • •

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

*(iii)* *This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

*(v)* *This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

*(vi)* *This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A
## Macro Economics

**1.** Under the Keynesian theory, 'Reference Line' is a straight line passing through the origin drawn at an angle of __________.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) 25°

(B) 45°

(C) 55°

(D) 75°

• • •

**2.** 2023 – 24 के केन्द्रीय बज़ट में प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार, सरकार की कुल प्राप्तियाँ (ऋण के अतिरिक्त) तथा कुल व्यय क्रमश: ₹ 20 लाख करोड़ तथा ₹ 45 लाख करोड़ अनुमानित हैं। अत: __________ घाटे का मूल्य ₹ 25 लाख करोड़ होगा।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) राजस्व

(B) राजकोषीय

(C) व्यापार

(D) प्राथमिक

**3.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) प्रति आय इकाई उपभोग को प्रदर्शित करता है।

*कथन 2 :* जैसे-जैसे किसी देश की राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है, उपभोग में आनुपातिक वृद्धि सदैव आय में वृद्धि से अधिक होती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**4.** किसी द्वि-क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में, __________ व __________ को जोड़कर समग्र पूर्ति का निर्धारण किया जा सकता है। (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) उपभोग, निवेश

(B) निवेश, बचत

(C) उपभोग, बचत

(D) बचत, निर्यात

• • •

**2.** According to the data presented in the Union Budget 2023 – 24, the total receipts of the government (other than borrowings), and the total expenditure are estimated as ₹ 20 lakh crore and ₹ 45 lakh crore respectively. Therefore, the value of _________ deficit would be ₹ 25 lakh crore. (Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) revenue

(B) fiscal

(C) trade

(D) primary

**3.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Marginal Propensity to Consume (MPC) exhibits the consumption per unit of income.

*Statement 2 :* As the national income of a country rises, the proportionate increase in the consumption is always more than the increase in the income.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**4.** In a two-sector economy, Aggregate Supply can be determined by adding __________ and __________.

(Choose the correct option to fill in the blanks) *1*

(A) consumption, investments

(B) investments, savings

(C) consumption, savings

(D) savings, exports

• • •

**5.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* किसी सरकार के लिए विदेशी सहायता (Foreign aids) पूँजीगत प्राप्तियाँ होती हैं।

*कथन 2 :* विनिवेश से सरकार की परिसम्पत्तियों में कमी आ सकती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**6.** निम्नलिखित में से उस स्थिति को पहचानिए, जो किसी राष्ट्र के भुगतान संतुलन (BOP) खाते में चालू खाते अधिशेष (CAS) को इंगित करती है। (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) चालू खाते की प्राप्तियों का चालू खाते के भुगतानों पर आधिक्य

(B) चालू खाते की प्राप्तियों व चालू खाते के भुगतानों में समानता

(C) चालू खाते के भुगतानों का चालू खाते की प्राप्तियों पर आधिक्य

(D) चालू खाते के भुगतानों का पूँजी खाते की प्राप्तियों पर आधिक्य

**7.** बाज़ार मूल्य पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{MP}$) का मूल्य प्राप्त करने के लिए, बाज़ार मूल्य पर सकल वर्धित मूल्य ($GVA_{MP}$) में/में से ____________ को ____________ जाना चाहिए।

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) मूल्यह्रास, जोड़ा (B) मूल्यह्रास, घटाया

(C) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर, घटाया (D) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर, जोड़ा

**8.** पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सार्वजनिक वस्तु को वर्णित ***नहीं*** करता है। *1*
(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए निःशुल्क टीके (वैक्सीन)

(B) सेना द्वारा प्रदत्त रक्षा सेवाएँ

(C) किसी व्यक्ति द्वारा रेलवे टिकट का क्रय

(D) किसी शहर की नगरपालिका द्वारा स्थापित स्ट्रीट लाइट (Street light)

• • •

**5.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Foreign aids are the capital receipts for the government.

*Statement 2 :* Disinvestments may lead to a decrease in the assets of the government.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**6.** From the following, identify the situation which indicates the Current Account Surplus (CAS) in Balance of Payments (BOP) account of a nation. *1*

(A) Excess of receipts on current account over the payments on current account.

(B) Equality of receipts on current account and payments on current account.

(C) Excess of payments on current account over receipts on current account.

(D) Excess of payments on current account over receipts on capital account.

**7.** To arrive at the value of Net Value Added at Market Price ($NVA_{MP}$), _________ must be _________ to/from Gross Value Added at Market Price ($GVA_{MP}$). (Choose the correct option to fill in the blanks) *1*

(A) depreciation, added (B) depreciation, subtracted

(C) net indirect taxes, subtracted (D) net indirect taxes, added

**8.** Identify, which of the following does ***not*** represent a public good. *1*

(Choose the correct option)

(A) Free vaccines provided by the government

(B) Defence services provided by the military

(C) Purchase of railway ticket by an individual

(D) Street light installed by a city municipality

• • •

**9.** विदेशी विनिमय दर निर्धारण में माँग व पूर्ति की बाज़ार शक्तियाँ __________ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत सक्रिय रूप से परस्पर क्रिया करती हैं।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) स्थिर (B) नम्य

(C) प्रबंधित तिरती (D) स्थिर तिरती

**10.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* अवस्फीतिकारी अंतराल के दौरान, किसी राष्ट्र का केन्द्रीय बैंक रेपो (Repo) दर में वृद्धि कर सकता है।

*कथन 2 :* सरकार खुले बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) के क्रय द्वारा अवस्फीतिकारी अंतराल को कम कर सकती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**11.** "भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2022 – 23 के अनुसार, भू-राजनीतिक संघर्ष के प्रादुर्भाव के कारण उर्वरक व ईंधन के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि हुई थी। अत: लोगों की सहायता सुनिश्चित करने के लिए ईंधन व उर्वरक उपदान की आवश्यकता में बढ़ोतरी हुई थी।"

दिए गए गद्य के आधार पर, सरकार के इंगित बजट उद्देश्य की पहचान व व्याख्या कीजिए। *3*

**12.** (क) मूल्य वृद्धि विधि के अंतर्गत, राष्ट्रीय आय के आकलन से संबंधित चरणों का उल्लेख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित काल्पनिक आँकड़ों के आधार पर, 2020 – 21 को आधार वर्ष मानते हुए, वर्ष 2022 – 23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए। *3*

*(सभी आँकड़े ₹ करोड़ में)*

| *वर्ष* | *नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद* | *नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद (आधार वर्ष के मूल्यों के अनुसार समायोजित)* |
|---|---|---|
| 2020 – 21 | 3,000 | 5,000 |
| 2022 – 23 | 4,000 | 6,000 |

• • •

**9.** Market forces of demand and supply, actively interact under ________ exchange rate system to determine the foreign exchange rate.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) fixed (B) flexible

(C) managed floating (D) fixed floating

**10.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* During deflationary gap, the Central Bank of a country may increase the repo rate.

*Statement 2 :* The government can reduce the deflationary gap by purchasing Government Securities (G-Sec) in the open market.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**11.** "As per the Economic Survey of India 2022 – 23, due to the outbreak of geopolitical conflict, the result was higher international prices for fertilizer and fuel. Thus, there was a higher fuel and fertilizer subsidy requirement for supporting the people."

On the basis of given text, identify and explain the indicated objective of the government budget. *3*

**12.** (a) State the steps pertaining to the estimation of National Income, under the Value Added Method. *3*

**OR**

(b) On the basis of the following hypothetical data, calculate the percentage change in Real Gross Domestic Product (GDP) in the year 2022 – 23, using 2020 – 21 as the base year. *3*

*(All figures in ₹ crore)*

| *Year* | *Nominal GDP* | *Nominal GDP (Adjusted to Base Year Price)* |
|---|---|---|
| 2020 – 21 | 3,000 | 5,000 |
| 2022 – 23 | 4,000 | 6,000 |

• • •

**13.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

एक अर्थव्यवस्था में, समग्र माँग में उल्लेखनीय कमी ने, देश के भविष्य की विकास संभावनाओं के बारे में चिंताएँ उत्पन्न कर दी हैं । यह आर्थिक मंदी, गृहस्थों के विश्वास में वृद्धि करने तथा आर्थिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए रणनीतिक उपायों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, उन उपायों की व्याख्या कीजिए जिन्हें सरकार निर्दिष्ट स्थिति को स्थिर करने के लिए कर सकती है। *4*

**14.** (क) "2023 – 24 के दौरान, US $ 70·9 Bn के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) अंतर्वाह व US $ 32·4 Bn के शुद्ध विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FDI) अंतर्वाह के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में तीव्र परिवर्तन का अनुभव किया गया है।"

(i) उपर्युक्त आर्थिक चरों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

(ii) भुगतान संतुलन के किस खाते में उपर्युक्त मदों को दर्ज किया जाएगा व क्यों ? *2*

**अथवा**

(ख) व्याख्या कीजिए कि, स्वायत्त लेन-देन किस प्रकार समायोजन लेन-देन से भिन्न होते हैं। *4*

**15.** मान लीजिए कि दो काल्पनिक अर्थव्यवस्थाओं A व B के लिए, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मान क्रमश: 0·5 तथा 0·8 है।

दोनों अर्थव्यस्थाओं के लिए, स्वायत्त उपभोग ($\overline{c}$) = ₹ 400 करोड़ है तथा निवेश व्यय (I) = ₹ 2,000 करोड़ है।

निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(क) अर्थव्यवस्था A के लिए आय का सम स्तर (Break-even level)। *2*

(ख) अर्थव्यवस्था B के लिए आय का संतुलन स्तर। *2*

**16.** (क) "किसी राष्ट्र में, नियमित आर्थिक संचालन, सुचारु आर्थिक गतिविधियाँ लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए विनिमय के एक स्थिर माध्यम पर निर्भर करता है।"

मुद्रा के निर्दिष्ट कार्य पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। *3*

(ख) मुद्रा आपूर्ति के $M_1$ माप का अर्थ व घटकों का उल्लेख कीजिए। *2*

(ग) साख गुणक की गणना करने का सूत्र लिखिए। *1*

**13.** Read the following text carefully :

In an economy, a significant reduction in Aggregate demand raised concerns about future growth prospects of the country. This economic downturn underscores the urgent need for strategic measures to boost confidence of households and stimulate economic activities.

Based on the above text and common understanding, explain the measures which the government may take to stabilise the indicated situation. *4*

**14.** (a) "The Indian economy has witnessed a sharp turnaround during 2023 – 24 with Foreign Direct Investments (FDI) inflows of US \$ 70·9 Bn and net Foreign Portfolio Investments (FPI) inflows of US \$ 32·4 Bn."

(i) Distinguish between the above mentioned economic variables. *2*

(ii) In which account of Balance of Payments will the given variables be entered and why ? *2*

**OR**

(b) Explain how Accommodating Transactions differ from Autonomous Transactions. *4*

**15.** Suppose for two imaginary economies A and B, the value of Marginal Propensity to Consume (MPC) stands at 0·5 and 0·8 respectively.

For both the economies, Autonomous Consumption ( $\overline{c}$ ) = ₹ 400 crore and Investment Expenditure (I) = ₹ 2,000 crore.

Calculate the following :

(a) Break-even level of income for Economy A. *2*

(b) Equilibrium level of income for Economy B. *2*

**16.** (a) "In a country, routine economic operations rely on a stable medium, to facilitate transactions for maintaining smooth economic activities."

Discuss briefly the indicated function of money. *3*

(b) State the meaning and components of $M_1$ measure of money supply. *2*

(c) State the formula to compute Credit Multiplier. *1*

• • •

**17.** (क) (i) किसी राष्ट्र में 20 नए उपरिगामी (flyovers) के निर्माण से अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व कल्याण पर संभावित प्रभावों की व्याख्या कीजिए। *2*

(ii) मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में केवल तीन फर्में A, B और C हैं। एक निश्चित समयावधि के दौरान, उनके द्वारा निम्नलिखित लेनदेन किए गए हैं :

(I) फर्म A ने फर्म B को ₹ 2,000 तथा फर्म C को ₹ 1,200 के मूल्य का माल विक्रय किया।

(II) फर्म B ने फर्म A को ₹ 1,100 तथा फर्म C को ₹ 3,500 के मूल्य का माल विक्रय किया।

(III) फर्म C ने गृहस्थों को ₹ 5,700 के मूल्य के माल का अंतिम उपभोग के लिए विक्रय किया।

शुद्ध अप्रत्यक्ष करों का मूल्य ₹ 200 मानते हुए, साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाइए। *4*

**अथवा**

(ख) (i) "सभी उपभोग वस्तुएँ टिकाऊ प्रकृति की होती हैं।"
वैध तर्क से दिए गए कथन का समर्थन या खंडन कीजिए। *3*

(ii) दिए गए आँकड़ों के आधार पर, राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाइए : *3*

| *क्र.सं.* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | घरेलू उपभोग व्यय | 1,800 |
| (ii) | सकल व्यापारिक स्थायी पूँजी निर्माण | 1,150 |
| (iii) | सकल आवासीय निर्माण व्यय | 1,020 |
| (iv) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 2,170 |
| (v) | निर्यात पर आयात का आधिक्य | 720 |
| (vi) | मालसूची (Inventory) निवेश | 540 |
| (vii) | सकल सार्वजनिक निवेश | 1,300 |
| (viii) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 240 |
| (ix) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय | (–) 250 |
| (x) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 440 |

• • •

**17.** (a) (i) Explain the likely impact of construction of 20 new flyovers in a nation on Gross Domestic Product (GDP) and welfare in the economy. *2*

(ii) Suppose, there are only three firms in a hypothetical economy, viz. A, B and C. During a given period of time, the following transactions were undertaken by them :

(I) Firm A sold goods worth ₹ 2,000 to Firm B and ₹ 1,200 to Firm C.

(II) Firm B sold goods worth ₹ 1,100 to Firm A and ₹ 3,500 to Firm C.

(III) Firm C sold to households for final consumption, goods worth ₹ 5,700.

Estimate the value of Gross Domestic Product at Factor Cost ($GDP_{FC}$), assuming the value of Net Indirect Taxes to be ₹ 200. *4*

**OR**

(b) (i) "All consumption goods are durable in nature."
Defend or refute the given statement with a valid argument. *3*

(ii) On the basis of the given data, estimate the value of National Income ($NNP_{FC}$) : *3*

| *S.No.* | *Items* | *Amount (in ₹ Crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Household Consumption Expenditure | 1,800 |
| (ii) | Gross Business Fixed Capital Formation | 1,150 |
| (iii) | Gross Residential Construction Expenditure | 1,020 |
| (iv) | Government Final Consumption Expenditure | 2,170 |
| (v) | Excess of Imports over Exports | 720 |
| (vi) | Inventory Investments | 540 |
| (vii) | Gross Public Investments | 1,300 |
| (viii) | Net Indirect Taxes | 240 |
| (ix) | Net Factor Income from Abroad | (–) 250 |
| (x) | Consumption of Fixed Capital | 440 |

• • •

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** पहचान कीजिए कि, पर्यावरण के कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है ?

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) पर्यावरण संसाधन उपलब्ध कराता है।

(B) पर्यावरण अपव्यय को अवशोषित करता है।

(C) पर्यावरण जीवन का पोषण करता है।

(D) पर्यावरण जीवन की गुणवत्ता का क्षय करता है।

**19.** निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* 1991 में प्रारंभ किए गए वित्तीय क्षेत्र सुधारों के अंतर्गत, बैंकों में विदेशी निवेश की सीमा लगभग 74% तक बढ़ा दी गई थी।

*कारण (R) :* 1991 के उपरांत, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) को भारतीय वित्तीय बाज़ारों में निवेश करने की अनुमति दे दी गई थी।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

**20.** "मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि की स्थिति का अनुभव कर रही है, जबकि अर्थव्यवस्था में रोज़गार के अवसरों में पर्याप्त वृद्धि नहीं हो रही है।" *1*

ऐसी स्थिति को, आर्थिक भाषा शैली में __________ वृद्धि कहा जाता है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) अनियत (Casual) (B) अनौपचारिक

(C) औपचारिक (D) रोज़गार विहीन

• • •

## SECTION B
## Indian Economic Development

**18.** Identify, which of the following statements is ***incorrect*** about the functions of environment. (Choose the correct option) *1*

(A) Environment provides resources.

(B) Environment absorbs wastage.

(C) Environment sustains life.

(D) Environment deteriorates quality of life.

**19.** Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R).

Choose the correct alternative from the options given below : *1*

*Assertion (A) :* Under the financial sector reforms introduced in 1991, foreign investment limit in banks was raised up to around 74%.

*Reason (R) :* Foreign Institutional Investors (FIIs) were allowed to invest in Indian financial markets, post-1991.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**20.** "Suppose an imaginary economy is experiencing a situation of rise in Real Gross Domestic Product (GDP), without any corresponding adequate rise in the employment opportunities in the economy."

In economic parlance, such a situation is termed as __________ growth.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) Casual (B) Informal

(C) Formal (D) Jobless

• • •

**21.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* ब्रिटिश नीतियों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में रोज़गार सृजन हुआ था।

*कथन 2 :* औपनिवेशिक सरकार के संरचनात्मक ढाँचे के विकास का वास्तविक उद्देश्य भारतीय हितों को लाभान्वित करना था।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**22.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर किए गए खाद्यान्न के क्रय को बफ़र स्टॉक के रूप में रखा जाता है।


*कथन 2 :* न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) कृषि उत्पाद मूल्यों में किसी भी तीव्र गिरावट के विरुद्ध, कृषकों को सुरक्षा प्रदान करता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**23.** निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*




निम्नलिखित में से उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जो 1947 की अवधि के उपरांत भारत व पाकिस्तान की नीतियों में समानताओं को इंगित करता है : (सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) दोहरी कीमत-निर्धारण नीति (B) कम्यून प्रणाली

(C) आयात प्रतिस्थापन (D) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति

• • •

**21.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* The British policies led to huge employment generation in the secondary and tertiary sectors of the Indian Economy.

*Statement 2 :* The real motive of the colonial government's infrastructural development was to benefit interests of India.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**22.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* The purchase of food grains, made by the government on the Minimum Support Price (MSP), is maintained as buffer stock.

*Statement 2 :* Minimum Support Price (MSP) safeguards the farmers against any sharp fall in farm product prices.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :


(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**23.** Study the following image carefully : *1*




From the following, choose the correct option which indicates similarities in the policies of India and Pakistan, in the post-1947 period :

(Choose the correct option)

(A) Dual pricing policy (B) Commune system

(C) Import substitution (D) Great Proletarian Cultural Revolution

• • •

**24.** एक विशिष्ट फसल के स्थान पर, विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन ________ के विविधीकरण के रूप में जाना जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) फसलों

(B) कृषि उत्पादन

(C) क्षेत्रीय संरचना

(D) रोज़गार

**25.** निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* लोग श्रम व अन्य बाज़ारों (जैसे कि शिक्षा व स्वास्थ्य) से संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए व्यय करते हैं।

*कारण (R) :* मानव पूँजी स्टॉक के कुशलतम प्रयोग के लिए सूचना पर व्यय आवश्यक है।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

**26.** स्वतंत्रता उपरांत युग में, भारत के नीति निर्माताओं ने प्रथम __________ पंचवर्षीय योजनाओं के लिए 'आत्मनिर्भरता' पर जोर दिया था।
(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 6

(B) 7

(C) 8

(D) 9

• • •

**24.** Production of diverse varieties of crops, rather than one specialised crop, is known as diversification of __________.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) Crops

(B) Agricultural Production

(C) Sectoral Composition

(D) Employment

**25.** Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R).
Choose the correct option from the options given below : *1*

*Assertion (A) :* People spend to acquire information related to labour and other markets (like, education and health).

*Reason (R) :* Expenditure on information is necessary for efficient utilisation of the human capital stock.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**26.** In the post-independence era, the policy makers of India emphasised on 'self-reliance' for the first __________ Five Year Plans.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) 6

(B) 7

(C) 8

(D) 9

• • •

**27.** पहचान कीजिए कि, भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है ? (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली में बहु-ऐजेंसी संस्थानों का एक समूह सम्मिलित है।

(B) स्वतंत्रता उपरांत अवधि में, भारत में एक सुचारु रूप से संरचित ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली का निर्माण किया गया था।

(C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी व भूमि विकास बैंक भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के घटक हैं।

(D) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली भारतीय स्टेट बैंक के मार्गदर्शन, निर्देशन व पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करती है।

**28.** निम्नलिखित आँकड़ों का उपयोग करते हुए, सकल वर्धित मूल्य (GVA) में भारत व पाकिस्तान के क्षेत्रीय योगदान का विश्लेषण कीजिए। *3*

*2018 – 19 में रोज़गार एवं सकल वर्धित मूल्य (%) के क्षेत्रीय अंश*

| क्षेत्र | *सकल वर्धित मूल्य में योगदान* | | | *कार्यबल का वितरण* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* |
| कृषि | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| उद्योग | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| सेवा | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| योग | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |

**27.** Identify, which of the following statements is ***incorrect*** about the Rural Banking system in India. (Choose the correct option) *1*

(A) The Rural Banking system in India consists of a set of multi-agency institutions.

(B) In the post-independence period, a well-structured Rural Banking system was formulated in India.

(C) Regional Rural Banks, Cooperative and Land Development Banks are components of the Rural Banking system in India.

(D) The Rural Banking system in India works under the guidance, instruction and supervision of the State Bank of India.

**28.** Using the following data, analyse the sectoral contribution of India and Pakistan towards Gross Value Added (GVA). *3*

*Sectoral Share of Employment and GVA (%) in 2018 – 19*

| *Sector* | *Contribution to GVA* | | | *Distribution of Workforce* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *India* | *China* | *Pakistan* | *India* | *China* | *Pakistan* |
| Agriculture | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| Industry | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| Services | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| Total | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |

• • •

**29.** (क) "भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के परिणामस्वरूप भारतीय स्वदेशी उद्योगों का व्यवस्थित रूप से विऔद्योगीकरण हुआ था।"

वैध तर्कों द्वारा अंग्रेजों के दोहरे उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "1991 के आर्थिक सुधारों के दौरान भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई व्यापार और निवेश नीति में स्थानीय उद्योगों के संदर्भ में कुछ प्रमुख निर्णय सम्मिलित थे।"

किन्हीं दो प्रमुख निर्णयों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर उनके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा कीजिए। *3*

**30.** (क) (i) मानव पूँजी व भौतिक पूँजी के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

(ii) धारणीय विकास को परिभाषित कीजिए। *1*

**अथवा**

(ख) (i) ग्रामीण भारत में सूक्ष्म-साख कार्यक्रम के महत्त्व पर संक्षेप में वर्णन कीजिए। *3*

(ii) भारत में धारणीय विकास प्राप्त करने में सम्मिलित किसी एक रणनीति का उल्लेख कीजिए। *1*

**31.** निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए कईं नीतिगत परिवर्तन किए थे।

1970 के दशक के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में चीन की आर्थिक वृद्धि तीव्र रही थी। हालाँकि, भारत को अपने आर्थिक परिवर्तन के लिए बहुत प्रतीक्षा करनी पड़ी थी। भारत की महत्त्वपूर्ण आर्थिक प्रगति 1991 के आर्थिक सुधारों के उपरांत ही प्राप्त की गई थी, जिन्हें मज़बूरी के कारण लागू किया गया था।

दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, चीन व भारत द्वारा आरंभ किए गए सुधारों के प्रभावों की तुलना कीजिए। *4*

• • •

**29.** (a) "British colonial rule in India resulted into systematic deindustrialisation of Indian indigenous industries."

Explain the two-fold motive of the British with valid arguments. *3*

**OR**

(b) "The trade and investment policy initiated by the Indian Government during 1991 economic reforms involved some major decision-making with respect to local industries."

Elaborate any two major decisions and their respective impacts on the Indian economy. *3*

**30.** (a) (i) Distinguish between human capital and physical capital. *3*

(ii) Define Sustainable Development. *1*

**OR**

(b) (i) Describe briefly the importance of micro-credit programmes in Rural India. *3*

(ii) State any one strategy involved in attaining sustainable development in India. *1*

**31.** Read the following text carefully :

China underwent substantial policy changes to stimulate their economy.

China's economic growth was rapid in the late 1970s across various sectors. However, India had to wait much longer for its economic transformation. India's significant economic progress was only realised after the economic reforms of 1991, which were implemented out of compulsion.

On the basis of given text and common understanding, compare the impact of subsequent reforms initiated by China and India. *4*

• • •

**32.** मान्य तर्कों द्वारा, उल्लेख व विस्तृत व्याख्या कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य :

(क) स्वर्ण क्रांति के तहत बागवानी में जबरदस्त वृद्धि हुई, जिससे भारत इस क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बन गया। *2*

(ख) छोटे और सीमांत कृषकों को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक आदि जैसे ग़ैर-संस्थागत स्रोतों से ऋण प्राप्त करने में प्राथमिकता दी जाती है। *2*

**33.** (क) (i) "आयात प्रतिस्थापन नीति को, यदि सावधानी से लागू नहीं किया गया, तो यह किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए दुधारी तलवार साबित हो सकती है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? मान्य तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। *4*

(ii) उल्लेख कीजिए कि बहुपक्षीय व्यापार किस प्रकार द्विपक्षीय व्यापार से भिन्न है। *2*

**अथवा**

(ख) (i) भारत में आर्थिक सुधारों के दौरान प्रारंभ किए गए कर सुधारों के कारणों व परिणामों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। *4*

(ii) भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न व मिनीरत्न कंपनी का एक-एक उदाहरण दीजिए। *2*

**34.** निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) किसी राष्ट्र में कार्यरत अथवा सक्रिय रूप से रोज़गार की तलाश कर रहे व्यक्तियों के प्रतिशत को मापती है। भारत में, 2000 – 2019 के मध्य श्रम बल में 99·2 मिलियन व्यक्तियों की वृद्धि हुई थी। श्रम बल 396·3 मिलियन से बढ़कर 495·5 मिलियन हो गया था।

2012 – 2019 के दौरान, रोज़गार में समान वृद्धि के बिना श्रम बल में हुई वृद्धि से बेरोज़गारी में बढ़ोतरी हुई थी।

**32.** State and elaborate, whether the following statements are true/false, with valid arguments :

(a) Under the Golden Revolution there was tremendous growth in horticulture, making India the world leader in this field. *2*

(b) Small and marginal farmers are given preference in getting credit from non-institutional sources like Regional Rural Banks, Cooperative Banks, etc. *2*

**33.** (a) (i) "Import substitution policy, if not applied carefully, can be a double-edged sword for any economy."

Do you agree with the given statement ? Justify your answer with valid arguments. *4*

(ii) State how multilateral trade is different from bilateral trade. *2*

**OR**

(b) (i) Discuss briefly, causes and consequences of the tax reforms initiated during economic reforms in India. *4*

(ii) State one example each of a Maharatna and a Miniratna company in the public sector in India. *2*

**34.** Read the following text carefully :

The Labour Force Participation Rate (LFPR) measures the percentage of the population either employed or actively seeking employment in a nation. In India, the labour force grew by 99·2 million persons between 2000 – 2019. The labour force grew from 396·3 million to 495·5 million.

During 2012 – 2019, the labour force grew without a matching increase in employment, leading to higher unemployment.

• • •

भारत के श्रम बाज़ार में लैंगिक असमानता उल्लेखनीय है, 2022 में महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 32·8% है, जो कि पुरुषों की श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 77·2%, से काफी कम है। यह भारत की समग्र अल्प श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) का एक प्रमुख कारण है, जो कि वैश्विक औसत श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 47·3% से कम है।

2000 – 2019 के दौरान, ग्रामीण श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में 14·1% की गिरावट आई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 3·5% की गिरावट आई थी। 2019 – 2022 के मध्य यह प्रवृत्ति पलट गई, ग्रामीण श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में 6% (विशेषकर ग्रामीण महिलाओं में) और शहरी श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में 2·1% वृद्धि हुई। ये परिवर्तन दर्शाते हैं कि महिलाओं की श्रम बाज़ार भागीदारी में उतार-चढ़ाव होता है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में।

इसने समग्र श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) को काफी प्रभावित किया है। महिलाएँ आर्थिक कठिनाइयों के दौरान कार्यबल में शामिल होती हैं, तथा जब परिस्थितियों में सुधार होता है, तो वे कार्यबल से निकल जाती हैं।

दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) बेरोज़गारी को परिभाषित कीजिए। *1*

(ख) श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) का अर्थ लिखिए। *2*

(ग) 2000 – 2019 के दौरान ग्रामीण व शहरी श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में लैंगिक असमानताओं पर टिप्पणी कीजिए। *3*

• • •

The gender disparity in India's labour market is notable with women's LFPR at 32·8% in 2022, significantly lower than men's LFPR at 77·2%. This is a major reason for India's overall low LFPR, which is lower than the global average of 47·3%.

During 2000 – 2019, rural LFPR declined by 14·1%, compared to a 3·5% decline in urban areas. This trend reversed between 2019 – 2022, with rural LFPR increasing by 6% (especially among rural women) and urban LFPR by 2·1%. These shifts suggest that fluctuations occur in women's labour market participation, particularly in rural areas.

This significantly affected the overall LFPR. Women join the workforce during economic hardships and move out when conditions improve.

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions :

(a) Define unemployment. *1*

(b) Write the meaning of Labour Force Participation Rate (LFPR). *2*

(c) Comment upon the gender disparities in rural and urban Labour Force Participation Rate (LFPR) during 2000 – 2019. *3*